अब और बहाना नहीं!

मीराः अरे राधा, कैसी है तू?

राधाः अच्छी हूँ। अभी-अभी मैमोग्रैम करा के आ रही ह। 40 पहुंचने के बाद, हर साल कराना ज़रूरी होता है। अच्छा, ज़रा बताना, तुमने अपनी जाँच कराई है?

मीराः अबतक तो नहीं। जानती हूँ कि जाना चाहिए मगर नौकरी से फुर्सत ही नहीं मिलती। और मेरी नौकरी मेरे लिए बहुत ज़रूरी है।

राधाः तुम हमेशा यही कहती हो, मगर तुम्हारी तबियत से ज़रूरी क्या हो सकता है? अपने लिए न भी सही, अपने परिवार के लिए करा लो!

मीराः देख, राधा, मैंने एक बार मैमोग्रैम कराई थी, लेकिन दर्द की वजह से अब वो सब फिर नहीं कराना चाहती।

राधाः लेकिन उन एक-आद क्षणों में तुम्हारी जान बच सकती है।

मीराः जानती हूँ। पर सच तो यह है कि मैं कैंसर के बारे में सोचना नहीं चाहती - और मेरे पास स्वास्थ्य बीमा नहीं है।

राधाः छोड़ो भी, अब मैं और कोई बहाना नहीं सुनना चाहती! तुम्हें मुफ़्त या कम दाम पर मैमोग्रैम मिल सकती है।

मीराः अच्छा, तू ठीक कह रही है। कुछ करना होगा। मैं आज ही फ़ोन करती हूँ।

क्या आपको मालूम था?

- स्तन के एक्स-रे को ही मैमोग्रैम कहते हैं, और इसमें कोई खतरा नहीं है।
- आपके परिवार में किसी को कैंसर न भी हुआ हो, तो भी जांच कराना ज़रूरी होता है।
- अगर आपकी मां, बहन या बेटी को स्तन का कैंसर हो चुका है, तो अपने डॉक्टर से पूछिए कि आपको कब जाँच करानी चाहिए।
- अगर आपके पास स्वास्थ्य बीमा नहीं है तो आपके इलाके में मुफ़्त या कम दाम पर मैमोग्रेम के कार्य क्रम उपलब्ध हो सकते हैं।

अपने इलाके में मैमोग्रैम ढूढ़ने के लिए इस नंबर पर फ़ोन कीजिएः

1.800.227.2345

American Cancer Society®

Get help anytime.

1.800.227.2345 / www.cancer.org

© 2012 by the American Cancer Society, Inc. Available at www.cancer.org/easyreading. MAM.HIN.0406